मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 312, मुंबई, बुधवार, 7 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई के कमाठीपुरा में इमारत में लगी भीषण आग

## मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड और पुलिस



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में ग्रांट रोड के कमाठीपुरा इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि कमाठीपुरा स्थित एक पुरानी इमारत में दोपहर के करीब आग लग गई। फायर ब्रिगेड की करीब पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर तत्काल मौके पर भेजे गए। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी थी। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# शरद पवार को तगड़ा झटका



## भतीजे अजित के खेमे को मिला एनसीपी नाम और घड़ी निशान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में जारी वर्चस्व की लड़ाई में आज एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली एनसीपी पार्टी माना है। जबकि एनसीपी के संस्थापक शरद पवार को अपनी पार्टी का नया नाम और चिन्ह चुनने का विकल्प दिया गया है। आयोग के फैसले के बाद अजित पवार एनसीपी के नए मुखिया बन गए है। इस वजह अजित पवार खेमे में जश्न का माहौल है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## समर्थकों ने मनाया जश्न, शरद पवार गुट बोला- घर का भेदी लंका ढाए

### खून के रिश्ते ने गला दबाया...

चुनाव आयोग के फैसले को खारिज करते हुए एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा, 'फैसला उनके पक्ष में ही आने वाला था, इसमें कोई नई बात नहीं है... कहा जाता है– घर का भेदी लंका ढाए... हम अभी भी अजित पवार को दोषी मानते हैं... उन्होंने खून का रिश्ता होने के बाद भी राजनीतिक तौर पर शरद पवार का गला दबा दिया... हम महाराष्ट्र में मजबूत हैं, हमें कोई डर नहीं है, हमारे पास शरद पवार हैं...सुप्रीम कोर्ट जाएंगे...'

# आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर की गिरफ्तारी थी अवैध




## बॉम्बे हाईकोर्ट का सीबीआई को झटका

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कोचर की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को अवैध करार दिया है। साथ ही उनकी अंतरिम जमानत पर मुहर लगाई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और एमडी कोचर की अवैध गिरफ्तारी का आरोप लगाने वाली याचिका पर अपना फैसला सुनाया। मालूम हो कि पिछले साल हाईकोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक - वीडियोकॉन लोन धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई: 3 भारतीय ला रहे थे कुवैत की बोट

## पुलिस ने संदिग्ध हालत में पकड़ा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अरब सागर में एक संदिग्ध बोट को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि यह बोट कुवैत से आ रही थी। पुलिस ने बोट पर मौजूद तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने बोट को कब्जे में लिया है और उसे गेटवे पर लेकर आए हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि यह बोट कुवैत से आ रही है हालांकि इसमें जो तीन लोग सवार हैं वह भारतीय हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### सवालों के घेरे में बोट सवार

पुलिस के अनुसार पकडी गई बोट पर सवार लोग दक्षिण भारत से हैं, उनके दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं साथ ही उनके परिजनों से भी कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में पुलिस के सामने कई सवाल हैं जैसे कि यह बोट कुवैत से आ रही है तो उसने कुवैत की सीमा कैसे पार की? कुवैत की बोट लेकर कैसे आए? दक्षिण भारत जाने की बजाय ये लोग बोट लेकर गेटवे की तरफ क्यों आए?

## हमारी बात

### दिल्ली में दो सरकारों की लड़ाई

**दिल्ली** में सरकार की अनोखी व्यवस्था है। राजधानी दिल्ली में दो सरकारें हैं। एक दिल्ली के लोगों की चुनी हुई सरकार, जो विधानसभा के प्रति जिम्मेदार है और जिसके मुखिया अरविंद केजरीवाल हैं तो दूसरी केंद्र की सरकार, जो संसद के प्रति जिम्मेदार है और दिल्ली में जिसके मुखिया उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना हैं। केंद्र ने एक कानून बनाया है, जिसका नाम जीएनसीटीडी एक्ट यानी गवर्नमेंट ऑफ नेशनल टेरेटरी दिल्ली एक्ट है और इसके मुताबिक उप राज्यपाल ही असली सरकार हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी राज्य में विपक्ष में है और राज्य में सत्तारूढ़ दल केंद्र में विपक्ष में है। इससे दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था और भी अनोखी हो गई है। जो सरकार में है वह विपक्ष में भी है और जो विपक्ष में है वह सरकार में भी है। इसलिए दोनों अपने को दिल्ली का मालिक मानते हैं और दिल्ली की सत्ता के लिए लड़ते रहते हैं। दोनों के बारे में एक और अनोखी बात यह है कि दोनों प्रचार की राजनीति और लड़ाई में माहिर हैं। इसका नतीजा यह है कि दिल्ली में सब कुछ ठप्प पड़ा हुआ है। दोनों पार्टियों के झगड़े से दिल्ली और समूचे एनसीआर के लोगों को किस तरह की मुश्किलें हैं, इसका एक नमूना दो फरवरी को देखने को मिला, जिस दिन दोनों पार्टियों ने अलग अलग मुद्दों पर प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जनादेश चुरा लिया। उसने 20 वोट होने के बावजूद आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए और अपने 16 वोट के आधार पर मेयर का चुनाव जीत गई। इसे लेकर आप ने दिल्ली में प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि वे गिरफ्तारी के डर से शराब घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे थे और आप ने पंजाब, हरियाणा हर जगह से लोग बुलाए थे। दूसरी ओर भाजपा ने भी दिल्ली के साथ साथ पूरे एनसीआर से लोगों को जुटाया। नतीजा यह हुआ है कि दिल्ली की कई सीमाओं पर बैरिकेडिंग हुई और दिल्ली के अंदर कई सड़कें बंद रहीं। कामकाजी दिन में पूरे दिन सड़कों पर भीषण जाम लगा रहा और लोग संघर्ष करते रहे। दोनों की लड़ाई का यह एक छोटा नमूना है। अभी एक नया मामला दिल्ली के अस्पतालों का सामने आया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दावा है कि उनकी सरकार कुल बजट का 14 फीसदी के करीब हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च करती है, जबकि भारत सरकार का खर्च दो फीसदी के करीब है। दिल्ली सरकार का दावा है कि उसने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार कर दिया है। दूसरी ओर उप राज्यपाल ने तीन फरवरी को मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख कर मीडिया रिपोर्ट के हवाले दिल्ली के अस्पतालों की दयनीय स्थिति के बारे में सवाल पूछे हैं। दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल ने अस्पतालों की दयनीय स्थिति के आरोपों को खारिज नहीं किया है, बल्कि कहा है कि दिल्ली के वित्त व स्वास्थ्य सचिवों के कारण ऐसा है। उनका कहना है कि अगर इन दो सचिवों को हटा दिया जाए तो स्थिति सुधार जाएगी। सोचें, क्या सही है? विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा या सचिवों की वजह से अस्पतालों की दयनीय दशा?

# अमलनेर में गहराया पानी संकट

## आपूर्ति के लिए तापी नदी ने बचा शेष पानी

**मुंबई हलचल/ सुरेश कोहली**

**जलगाँव।** तापी नदी में मार्च के अंत तक जल आपूर्ति के लिए कम पानी बचा है। समस्या को देखते हुए अमलनेर का जलापूर्ति शेड्यूल भी बदल गया है। मार्च के अंत तक पानी का भंडार खत्म हो जाएगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। जालोद इंटेकवेल के पास तापी नदी बेसिन में अब शेष पानी ही आपूर्ति के लिए बचा। जिससे कस्बे में फिर जल संकट खड़ा ही गया है। उक्त जानकारी जलप्रदाय अभियंता प्रवीण बैसाणे ने दी है। नगर पालिका का इंटेक वेल तापी नदी में है। यहां पानी का भंडारण कम हो गया है। लेकिन अब पानी का स्तर भी काफी कम हो गया है। जिसके लिए कस्बे वासियों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ेगी। बताया जा रहा है कि छह दिन से लोगों तक पानी नहीं पहुंच सका जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका ने कलाली दोहा से पानी की शुरूआत की है, लेकिन इससे होने वाली थोड़ी सी जलापूर्ति से मदद जरूर मिलेगी। जलस्तर गिरने से जलोद में दो में से एक पंप बंद हो गया है। गर्मी के दिन शुरू हो चुके हैं। जिससे पानी का वाष्पीकरण अधिक होता है। इसके चलते भविष्य में पानी की कमी से बचने के लिए पानी का संयम से उपयोग करें, अन्यथा इसे बर्बाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जानी तय है।



# बुलडाणा वन विभाग की कार्रवाई

## जंगल से घोड़े पर लकड़ी की तस्करी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** शहर से लगे जंगल से बहुमूल्य वन संपदा की चोरी हो रही वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने जाल बिछा कर चांदमारी परिसर में जंगल से लकड़ी की तस्करी कर रहे 6 घोड़ों को पकड़ा और 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है जबकि 3 आरोपी फरार हैं। इस कार्रवाई से जंगल से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।बुलडाणा डीएफओ सरोज गावस को ऊपर से सूचना मिली कि जंगल से पेड़ों की अवैध कटाई कर घोड़ों और गधों के जरिये लकड़ी की तस्करी की जा रही है. तदनुसार, उन्होंने एक दस्ता बनाकर जंगल में गश्त करने का आदेश दिया था। बुलडाणा आरएफओ अभिजीत ठाकरे ने टीम का गठन किया। 2 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे बुलडाणा के वनपाल मोहसिन खान, वनरक्षक डी. बी. घोरपडे, एस. आर. भालेराव, एस.बी.क-हाड, ए. पी. श्रीनाथ, के.डी. पडोळ, व्ही. के. घुसिंगे, संदीप मडावी हे हनवतखेड बिट नं. 5210 में गश्त करते हुए। कुछ लोगों को 6 घोड़ों पर लकड़ी की तस्करी करते देखा गया था। टीम ने पीछा सागवन, अडजात की लकड़ी ले जा रहे 6 घोड़ों को पकड़ लिया। शे. हनीफ शे. मिया चौधरी, शे. इस्माईल शे. रहेमान, शे. गफूर शे. बद्दू जौहर नगर बुलडाणा में तीन को हिरासत में लिया गया, जबकि तीन मौके से फरार हो गये. आरएफओ अभिजीत ठाकरे ने जानकारी दी है कि इस मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ वन मामला दर्ज किया गया है।आरोपियों के कब्जे से घोड़े और पेड़ से काट कर ले हुए लकड़िया इस तरह से कुल 75 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया है।




# कामांध दरिंदों की चपेट में कानपुर, आठ वर्षीय मासूम को बनाया शिकार, रिपोर्ट दर्ज, तलाश शुरू

**- कानपुर में लगभग हर सप्ताह कोई न कोई लड़की बनती वासना के दरिंदों का शिकार**

**- किराएदार द्वारा मकान मालिक की बेटी से दुष्कर्म मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तलाश शुर**

**कानपुर।** यहां वासना के दरिंदे मासूमों को अपना शिकार बनाने से नहीं चूक रहे हैं। उन्होंने ऐसा ही कुछ चकेरी थाना क्षेत्र में भी कर डाला। मामले में जब परिजनों ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत की। तब रिपोर्ट दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक चकेरी निवासी युवक के के मकान के बाहरी हिस्से में स्थित दुकान को मुकेश गुप्ता किराये पर लिए है। बाइक सर्विस का काम करता है। घटना के समय वह ड्यूटी पर गए थे। पत्नी कुछ सामान खरीदने बाजार गई थी। घर पर बच्ची और पांच माह का बेटा थे। इसी दौरान मुकेश घर में घुसा और बेटी से दुष्कर्म किया। किसी से कुछ कहने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से बेटी गुमसुम रहने लगी। कुछ दिन के लिए उसे उसकी नानी के घर भेज दिया।
पिता के अनुसार बेटी ने अपनी नानी को आपबीती बताई, तब पिता ने पुलिस को सूचना दी।पिता के अनुसार चौकी प्रभारी ने पहले आरोपी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद से चौकी व थाने के चक्कर लगवाते रहे। चौकी प्रभारी पर उल्टा उन्हें ही धमकाने का आरोप लगाया। फिर उन्होंने इसकी शिकायत डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार से की। जिसके बाद उनके आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है। फरार होने की दशा में पुलिस उसकी तलाश कर रही है। साथ ही अभी औकात करते चले कि ऐसा कोई सप्ताह खाली नहीं जाता जब इस महानगर में कोई न कोई लड़की वासना के दरिंदों का शिकार न बनती हो। खास बात यह भी कि इनमें से अधिकांश घटनाओं की रिपोर्ट पुलिस दर्ज ही नहीं करती।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।



# हथौड़ा लगने के बाद अवैध निर्माण हो गया आबाद

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**खड़ी मशीन रोड-कौसा-मुंब्रा।** ठाणे महानगरपालिका के अंतर्गत सीधे तौर पर आने वाला यह क्षेत्र भी अवैध निर्माण में बाजी ले गया है। हालाँकि इस अवैध रूप से बनने वाली इमारत पर पहले मनपा का बुलडोजर चल चुका है। बावजूद इसके यह इमारत फिर से खड़ी हो गई है मानों खड़ी मशीन की भांति,अति सुगमता पूर्वक, ऐसा कैसे सम्भव हो गया है? इस बात की जानकारी केवल मनपा के आयुक्त एवं अधिकारी ही दे सकते हैं। इसका कारण यह है कि मनपा ने इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया था। जिसका रिकॉर्ड भी मनपा के पास सुरक्षित होगा।

# बिसलेरी इंटरनेशनल ने पीएसजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस के साथ मिलकर बनाया एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**कोयम्बटूर।** भारत की प्रमुख बोतल बंद पानी बनाने वाली कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल ने 12 घंटे की छोटी सी अवधि में 79,738.60 किलोग्राम प्लास्टिक की बोतलों को इकट्ठा कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। यह असाधारण उपलब्धि बिसलेरी की उसकी प्रभावशाली पहल, बिसलेरी ग्रीनर प्रॉमिस के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति बिसलेरी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। बिसलेरी इंटरनेशनल ने पीएसजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कोयम्बटूर के साथ मिलकर कोयम्बटूर, तमिलनाडु में मेगा कलेक्शन ड्राइव को अंजाम दिया और 2018 में ब्रुहट बेंगलुरु महानगर पालिक (बीबीएमपी) द्वारा 33,355.55 किलोग्राम




उपयोग की जा चुकी प्लास्टिक बोतल एकत्र करने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोतल एकत्रित करने के इस प्रयास में पीएसजी कॉलेज के छात्रों, कर्मचारियों, बिसलेरी 'बॉटल्स फॉर चेंज' टीम, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, आवासीय कॉलोनियों के निवासियों, कॉर्पोरेट हाउसेस ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, और पूरे कोयम्बटूर के सार्वजनिक स्थलों से बोतलों को एकत्रित किया। श्री के गणेश, सीनियर जनरल मैनेजर, कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर, बिसलेरी इंटरनेशनल प्रा. लि., ने इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, बिसलेरी ग्रीनर प्रॉमिस के तहत बॉटल्स फॉर चेंज प्रोग्राम के माध्यम से, हमने न केवल एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है, बल्कि प्लास्टिक रिसाइकलिंग के बारे में व्यापक जागरूकता भी फैलाई है। इस कार्यक्रम की सफलता जागरूकता बढ़ाने और सर्कुलर इकोनॉमी के लिए योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारी महत्वाकांक्षा इस प्रभावशाली पहल को अन्य शहरों तक ले जाना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को हरित भारत के निर्माण में शामिल किया जा सके। बिसलेरी का 'बॉटल्स फॉर चेंज' कार्यक्रम सर्कुलर इकोनॉमी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का एक मजबूत प्रमाण है, जो इस्तेमाल हो चुके प्लास्टिक के मूल्य और इसके रिसाइकलिंग और पुनरुत्थान में इसकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। सफाई और छंटाई के बाद प्लास्टिक के जिम्मेदारीपूर्ण निष्कासन की दिशा में यह कार्यक्रम व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### शरद पवार को तगड़ा झटका

एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, चुनाव आयोग ने हमारे वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमारे पक्ष में फैसला सुनाया है। हम इसका विनम्रतापूर्वक स्वागत करते हैं। अजित पवार के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद मुंबई में समर्थकों ने पटाखे फोड़कर, ढोल बजाकर जश्न मनाया। अजित पवार के करीबी व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा, हम चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हैं... किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए चुनाव चिह्न महत्वपूर्ण होता है... हो सकता है कि कल इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट में चुनौती दी जाए। इसमें हमें कुछ कहना नहीं है... हम चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हैं। शरद पवार खेमे ने एनसीपी के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चुनाव आयोग के फैसले को अनुचित बताया है और कहा है कि वे इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। चुनाव आयोग द्वारा अजित पवार के पक्ष में फैसला सुनाए जाने पर शरद पवार की बेटी और एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा, ₹जो शिवसेना के साथ उन्होंने किया वही हमारे साथ किया... इस पार्टी का संस्थापक सदस्य एवं संस्थापक नेता एक ही व्यक्ति रहे हैं और वह शरद पवार हैं... यह बात पूरे देश को पता है... आज माहौल कुछ और है, देश में 'अदृश्य शक्ति' है जो यह सब करवा रही है। हम इस अन्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जरूर जाएंगे।

### मुंबई के कमाठीपुरा में इमारत में लगी भीषण आग

आग पर काबू पा लिया गया है। इस आग में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खबर है कि मुंबई के ग्रांट रोड के कमाठीपुरा इलाके में लेन नंबर-3 में आग लगी थी। आग इमारत की ऊपरी मंजिल पर फैल गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग को बुझाने में कामयाबी पाई है। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चला है।

### आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर की गिरफ्तारी थी अवैध

अदालत ने अरेस्ट मेमो में गिरफ्तारी के लिए सीबीआई की ओर से बताए गए कारणों को खारिज कर दिया है। सीबीआई ने जांच में असहयोग और मामले के सही तथ्यों का खुलासा न करने के लिए कोचर दंपत्ति को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कोचर दंपत्ति की गिरफ्तारी सीआरपीसी की धारा 41ए और 41(1)(बी)(ii) के अनुसार नहीं हुई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई आरोपी अपराध कबूल नहीं कर रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया। अदालत ने दंपति की बार-बार सीबीआई हिरासत बढ़ाये जाने पर भी सवाल उठाये है। सीबीआई ने 23 दिसंबर 2022 को लोन फ्रॉड मामले में कोचर दंपत्ति को गिरफ्तार किया था। हालांकि बॉम्बे हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद कोचर और उनके पति दीपक कोचर को 9 जनवरी 2023 को रिहा कर दिया गया था।

### मुंबई: 3 भारतीय ला रहे थे कुवैत की बोट

संदिग्ध बोट के पकड़े जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यह मंगलवार को शाम के वक्त पुलिस को अरब सागर में समुद्र तट से थोड़ी दूर पर कुछ हलचल दिखाई दी। वॉच टावर से पता चला कि यहां पर एक संदिग्ध बोट दिखाई दी है। पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और जाकर संदिग्ध बोट को कब्जे में लिया। संदिग्ध बोट पर तीन भारतीय नागरिक भी हैं जो कि दक्षिण भारत के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।


# लोकगौरव राष्ट्रीय एकता परिषद टीएमजी अनमोल कार्यगौरव पुरस्कार का हुआ आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** गरीबी की मार झेलने और वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, एक्शन अभिनेता गुलाब सलाट को कई फिल्म पुरस्कार मिले हैं जैसे लोक गौरव राष्ट्रीय एकता परिषद टीएमजी अनमोल कार्य गौरव पुरस्कार दिनांक 4 फरवरी 2024 मुंबई सीएसटी माननीय उल्लेख पुरस्कार सलमा खान नासिर खान विशेष जाकिर खान धन्यवाद भारत के सबसे बड़े पत्रकार संगठन इंडिया फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट्स नई दिल्ली को 4 जुलाई 2023 को एमपी जबलपुर में सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर मिला, 4 जून 2023 को मुंबई से नेशनल अचीवमेंट अवॉर्ड मिला, दिल्ली बॉलीवुड सिने रिपोर्टर अवॉर्ड नागपुर गौरव महाराष्ट्र अवॉर्ड मुंबई जंगगौरव कार्य दर्पण पुरस्कार वडोदरा सिने मीडिया पुरस्कार वाइब्रेंट गुजराती फिल्म पुरस्कार विजेता गुलाब जीवन प्रोफाइल गुलाब एक्शन अभिनेता आनंद का जन्म गुजरात में हुआ था गुलाब के माता-पिता बहुत गरीब थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन खाट के तंबू में बिताया लेकिन गुलाब के पिता तम्मा भाई सलात एक शारीरिक मजदूर थे। अपने बेटे को ले जाने की कोशिश कर रहा है... एक अच्छा नाम और उनका एक नाम था गुलाब




सलात, जिन्हें 8 साल की उम्र से ही बॉलीवुड फिल्मों का शौक था कि मैं एक बार किसी फिल्म में काम करूंगी. इस विषय के लिए कड़ी मेहनत शुरू की, दिन-रात मेहनत की और अपने बेटे को भी इसमें शामिल कर लिया। एक अकादमी, मार्शल आर्ट कराटे ऑल इंडिया वाडो काई कराटे डो अकादमी इंडिया इंटरनेशनल, कराटे मार्शल ने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगभग 5 वर्षों तक कड़ी मेहनत की और कला में ब्लैक बेल्ट की डिग्री हासिल की और गुलाब ने अपने नृत्य के लिए कड़ी मेहनत की और बगीचों में अभ्यास किया, वह गए। बिना मास्टर के जिमनास्टिक और डांस की ट्रेनिंग लेने के लिए हैदराबाद चले गए, वहां से उन्होंने कड़ी मेहनत की और 1 साल बाद पिता तम्मा भाई से ग्रेजुएशन किया, पिता के निधन के बाद हालात ऐसे हो गए कि आनंद रामनगर मैत्री विद्यालय रामनगर में स्कूल में पढ़ते थे। उन्हें 8वीं कक्षा तक पढ़ाई छोड़नी पड़ी, गुलाब को घर में परेशानी होने लगी और फिल्म निर्माता निर्देशक अपने काम के लिए अनुरोध करने के लिए हर राज्य में गए लेकिन असफल होने पर अपने शहर लौट आए और फिर जय जय जग जननी दुर्गा मां जय में अभिनय करने के लिए प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया। बजरंगबली सीरियल जय जय जग जननी दुर्गा मां ने 17 हिंदी फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्म में 8 घंटे की कड़ी मेहनत और लगातार कराटे का अभ्यास, एक्शन एक्टर मार्शल आर्ट जिमनास्टिक्स योगा बॉडी स्टंट ब्रेक डांस लाठी ननचाकू तलवार राइफल शूटिंग और फिल्मों में अभिनय किया। मैं जल्द ही अपने पिता का नाम रोशन करने का सपना पूरा करूंगी।' आपने बनाया है अच्छा परिचय, मीडिया को मेरा सलाम।




अधिग्रहण की आई खबर से जियो फाइनेंशियल के शेयरों में आई थी तेजी

# पेटीएम को नहीं खरीदने जा रहे मुकेश अंबानी, जियो फाइनेंशियल का इंकार



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने पेटीएम वॉलेट को टेकओवर करने के लिए हो रही बातचीत की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी जेएफएसएल ने साफ कर दिया है कि वह पेटीएम वॉलेट का अधिग्रहण करने के लिए वन 97 कम्युनिकेशंस के साथ बातचीत नहीं कर रही है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक नियामक फाइलिंग में कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि समाचार अटकलबाजी है और हम इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रहे हैं।' स्टॉक एक्सचेंज बीएसई द्वारा उन रिपोर्टों पर कंपनी को टिप्पणी करने के लिए कहा गया था, जिनमें कहा गया था कि एनबीएफसी वॉलेट बिजनेस हासिल करने के लिए वन 97 के साथ बातचीत कर रही है।

### एचडीएफसी से चल रही है बातचीत

*मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के अलावा एचडीएफसी बैंक के साथ बातचीत हो रही है। इस खबर के बाद एनएसई पर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 15.21% उछलकर 292.40 रुपए पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान यह 295.70 रुपये के ऑल टाइम हाई पर भी पहुंचा।*

### शेयरों में लग रहा था लोअर सर्किट

*दूसरी ओर पेटीएम के शेयर में लगातार तीन सत्र में 42 फीसदी से अधिक गिरावट आई है।*

## अमेरिका और भारत के बीच ऐतिहासिक रक्षा सौदा

# अमेरिका ने भारत को एमक्यू9-बी प्रीडेटर ड्रोन बेचने की अनुमति दी

मुंबई हलचल / वॉशिंगटन

अमेरिका ने भारत को एमक्यू9-बी प्रीडेटर ड्रोन बेचने की अनुमति दे दी है। इस रक्षा सौदे को लेकर अमेरिका ने बयान जारी किया है। अमेरिका ने कहा है कि करीब 4 अरब डॉलर की अनुमानित लागत से भारत को 31 ड्रोन बेचे जाएंगे जिससे उनकी समुद्री सुरक्षा में इजाफा होगा। अमेरिका ने भारत को 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की बिक्री को पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी। ये ड्रोन अत्यधिक ऊंचाई पर और लंबे समय तक उड़ान भरने की तकनीक से लैस हैं।


### भारत को 31 ड्रोन बेचे जाएंगे

### 15 ड्रोन नौसेना को मिलेंगे

### मिलेंगे जीई-414 इंजन

*एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन को बनाने वाली अमेरिका की प्रमुख रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स ने बताय कि भारत तीनों सेनाओं के निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ लगती एलएसी पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए ये ड्रोन खरीद रहा है।*

*अमेरिका ने भारत को एमक्यू9-बी प्रीडेटर ड्रोन बेचने की अनुमति दे दी है। अमेरिका ने कहा है कि करीब 4 अरब डॉलर की अनुमानित लागत से भारत को 31 ड्रोन बेचे जाएंगे जिससे उनकी समुद्री सुरक्षा में इजाफा होगा।*



### रक्षा सौदे को दी मंजूरी

*बता दें कि अमेरिका ने लगभग 300 करोड़ के भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी। इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिए खतरों से निपटने की भारत की क्षमता बढ़ेगी। इस ड्रोन सौदे की घोषणा जून 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान की गई थी।*

## चीन और पाकिस्तान की हर नापाक हरकत पर रहेगी नजर

# भारत तैयार कर रहा खास तरह के 12 'जासूसी विमान'

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर हवाई निगरानी बढ़ाने के लिए 12 नए सर्विलांस विमान तैयार करने पर अब तेजी से कदम उठा रहा है।

ये एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट होंगे। इससे चीन और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन में वायुसेना के फाइटर जेट को मदद मिलेगी।



### पाक- चीन सीमा पर होगी निगरानी

पाकिस्तान और चीन के सीमा पर भारत ने निगरानी बढ़ा दी है। भारत 12 ऐसे 'जासूसी विमानों' पर काम कर रहा है, जो हरकत पर नजर रखेंगे। भारत अपडेटेड स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट को विकसित करने और भारतीय वायुसेना में शामिल करने के लिए अब तेजी से कदम उठा रहा है। ये सभी विमान चीन और पाकिस्तान सीमाओं पर सर्विलांस और डिटेक्शन की क्षमताओं को बढ़ावा देंगे और साथ ही दुश्मन जेट के साथ हवाई युद्ध के दौरान सीधे लड़ाकू विमानों की मदद करेंगे।

### 9 हजार करोड़ की होगी लागत


विमानों में ऐरे एंटीना बेस्ड रडार, इलेक्ट्रॉनिक और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम भी लगाया जाएगा। इसमें करीब 9 हजार करोड़ की लागत आएगी। ये 6 विमान पहले तीन एम्बेसर-145 जेट-आधारित नेत्रा की तरह होंगे, जिनमें 240-डिग्री रडार कवरेज है। इसमें राडार के लिए बेहतर सॉफ्टवेयर और नए गैलियम नाइट्राइड-आधारित ट्रांसमिट/रिसीव मॉड्यूल जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी शामिल होंगी।

### बालाकोट हमले के बाद महसूस हुई आवश्यकता

*भारतीय वायुसेना को फरवरी 2019 में सीमा पार बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों के साथ हवाई युद्ध के दौरान अधिक सर्विलांस एयरक्राफ्ट की आवश्यकता महसूस हुई। इसके बाद ईस्टर्न लद्दाख में चीन के साथ चल रहे टकराव ने इस आवश्यकता को और बढ़ा दिया है।*

### डीआरडीओ और इंडियन एयरफोर्स मिलकर

डीआरडीओ और इंडियन एयरफोर्स मिलकर इन सर्विलांस एयरक्राफ्ट के 6 मार्क-1ए के साथ-साथ 6 मार्क-2 वर्जन विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इनमे से 3 एयरक्राफ्ट पहले ही बनाए गए थे और फरवरी 2017 में एयर फोर्स में शामिल किए गए थे। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्रालय अगले हफ्ते 6 मार्क-1ए विमानों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति लेगा।




# FUJIFILM India ने PAMEXX 2024 में फ्लैगशिप तीन ए3 कलर और दो मोनोक्रोम मल्टीफंक्शन प्रिंटर लॉन्च किए

**मुंबई।** FUJIFILM Indiaने आज मुंबई में ए3 कलर के 5 नए मॉडल (Apeos C3570 / C4570 / C5570) और मोनोक्रोम (Apeos 4570 / 5570) मल्टीफंक्शन प्रिंटर PAMEX 2024 में लॉन्च किए। इन पांचों प्रिंटिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री 6 फरवरी 2024 से शुरू होगी।

'Apeos सीरीज' के तहत ये पांच मल्टीफंक्शन प्रिंटर अपनी हाई स्पीड और बेहतर प्रिंट आउटपुट क्षमताओं के साथ अलग-अलग प्रिंटिंग जरूरतों को पूरा करने का काम करते हैं। ये प्रिंटर ग्राहक की विभिन्न प्रिंटिंग जरूरतें जैसे कि SRA3 का कागज आकार, 52-300 gsm का कागज का वजन, और 320 x 1200 मिमी तक की बैनर प्रिंटिंग जरूरतें पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा बड़े एंटरप्राइजेज और कॉरपोरेट्स में रिमोट वर्कलाइफस्टाइल को सपोर्ट करने के लिए ये प्रोडक्ट बिना समय और स्थान की बाधा के क्लाउड कनेक्टिविटी और ऑपरेशनल दक्षता को बढ़ावा देने वाले बेहतर इंटीग्रेशन की सहूलियत देते हैं। यूजर यूनिवर्सल प्रिंट*2, माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड-आधारित प्रिंटिंग सॉल्यूशन के साथ



कहीं से भी प्रिंट कर सकते हैं, जिससे प्रिंट सर्वर और प्रिंटर ड्राइवर इंस्टाल करने की आवश्यकता नहीं होती है। ये प्रिंटिंग प्रोडक्ट्स अमेरिकी सेक्योरिटी स्टैण्डर्ड NIST SP800-171 / 172*3 का पालन करते हैं, यह स्टैण्डर्ड नेटवर्क कनेक्शन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और डिवाइस में स्टोर डेटा से इन्फॉर्मेशन लीकेज को रोकता है। ये प्रोडक्ट्स मल्टीफंक्शन प्रिंटर WPA3 को भी सपोर्ट करते हैं जो वायरलेस छअठ की सुरक्षा को बेहतर बनाता है। इसके अलावा ये प्रिंटर्स एडवांस एन्क्रिप्शन के साथ लेटेस्ट इंटरनेशनल स्टैंडर्डाइज्ड सेक्योरिटी चिप TPM 2.0 से लैस हैं।

FUJIFILM India के मैनेजिंग डायरेक्टर कोजी वाडा ने कहा, 27 सितंबर 2023 को Apeos प्रिंटर के शुरूआती लॉन्च के बाद FUJIFILM India के ऑफिस प्रिंटर बिजनेस ने ग्राहकों की एक विस्तृत रेंज को वैल्यू प्रदान करने वाले लीडिंग पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। हमारे ऑफिस प्रिंटर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में Apeos सीरीज से नए मल्टीफंक्शन प्रिंटर जोड़ने से हमारे ग्राहकों को उनकी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा विकल्प मिलते हैं। भारत विकास हासिल करने के लिए नई तकनीकों को अपनाने में बहुत तेज और एडाप्टेबल (अनुकूलनीय) है और अपने ग्राहकों के लिए प्रमुख पार्टनर के रूप में हम उन्हें नए प्रोडक्ट और सॉल्यूशन जल्दी से प्रदान करके अपने इंडस्ट्री में सबसे आगे रहने में मदद करना चाहते हैं।

FUJIFILM India डिवाइस टेक्नोलॉजी बिजनेस & ग्राफिक कम्युनिकेशंस के प्रमुख और एसोसिएट डायरेक्टर प्रियतोष कुमार ने कहा, पूरे देश देश में हमारा सेल्स और सर्विस पार्टनर्स से मजबूत नेटवर्क है जिससे हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बहुत उत्साहित, आश्वस्त और प्रतिबद्ध हैं। ये वसेर्टाइल प्रोडक्ट्स विभिन्न इंडस्ट्री जैसे कॉरपोरेट्स, उद्यम कंपनियों और नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन वैल्यू प्रदान कर सकते हैं। ये ग्राहकों के लिए कम कीमत में टॉप क्लास फैसिलिटी प्रदान करते हैं। जो ग्राहक सेक्योरिटी क्षमताओं से लैस संतुलित प्रिंटर की तलाश में हैं, उन्हें निश्चित रूप से बढ़ी हुई कार्य उत्पादकता, दक्षता और हाई क्वालिटी वाले हमारे इन प्रिंटर और इनके प्रिंटआउट से लाभ मिलेगा।

उत्तराखंड हलचल

# देश में यूसीसी ना काबिल-ए-कुबूल

## बोले जमीयत प्रमुख शरीयत से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता विधायक पर भड़के मदनी

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**नई दिल्ली/देवबंद।** उत्तराखंड की भाजपा सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू किए जाने को लेकर जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदीने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम किसी ऐसे कानून को स्वीकार नहीं करेंगे जो शरीयत के खिलाफ हो, क्योंकि मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है लेकिन शरीयत में छेड़छाड़ से समझौता नहीं किया जा सकता है, देश संविधान से चल रहा है और यहां पहले से सारे कानून मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पेश किया गया, जिसमें अनुसूचित जनजातियों को संविधान के अनुच्छेद जो 366ए अध्याय 25ए उपधारा 342 के तहत नए कानून से छूट दी गई है और यह तर्क दिया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उन के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की गई है। मौलाना मदनी ने सवाल उठाया कि यदि संविधान की एक धारा के तहत अनुसूचित जनजातियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता है तो हमें संविधान की धारा 25 और 26 के तहत धार्मिक आजादी क्यों नहीं दी जा सकती? जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों को मान्यता देकर धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है, यदि यह समान नागरिक संहिता है तो फिर नागरिकों के बीच यह भेदभाव क्यों? उन्होंने यह भी कहा कि हमारी कानूनी टीम बिल के कानूनी पहलुओं की समीक्षा करेगी जिसके बाद कानूनी कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। कहा कि भारत जैसे बहुधर्मी देश में जहां विभिन्न धर्मों के मानने वाले सदियों से अपनी अपनी धार्मिक मान्यताओं का पूरी आजादी के साथ पालन करते हैं वहां समान नागरिक संहिता संविधान में नागरिकों को दिए गए मूल अधिकारों से टकराता है।



मौलाना ने कहा कि सवाल मुस्लिम पर्सनल लॉ का नहीं है बोल के देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान को बाकी रखने का है, संविधान का कोई धर्म नहीं है, इसलिए समान नागरिक संहिता मुसलमानों के लिए ना काबिल ए कबूल है और ये देश की एकता और अखण्डता के लिए भी हानिकारक है। संविधान में धार्मिक आजादी दी गई है, इस तरह देखा जाए तो समान नागरिक संहिता मूल अधिकारों को नकारता है, फिर भी हमारी सरकार कहती है कि एक देश में एक कानून होगा और यह कि एक घर में दो कानून नहीं हो सकते, यह अजीब बात है, हमारे यहां की आईपीसी और सीआरपीसी की धाराएं भी पूरे देश में समान नहीं हैं, राज्यों में इसका आकार तबदील हो जाता है, देश में गौहत्या का कानून भी समान नहीं है, जो कानून है वो पांच राज्यों में लागू नहीं है। देश में आरक्षण के सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट ने इसकी सीमा 50 प्रतिशत तय की है लेकिन विभिन्न राज्यों में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण दिया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जब पूरे देश में सिविल लॉ एक नहीं है तो फिर देश भर में एक फैमिली लॉ लागू करने पर जोर क्यों?

हमारा देश बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक देश है, यही उसकी विशेषता भी है। इसलिए यहां एक कानून नहीं चल सकता। जो लोग धारा 44 का आँख बंद कर के समर्थन करते हैं वह यह भूल जाते हैं कि इसी धारा के अंतर्गत यह मश्वरा भी दिया गया है कि पूरे देश में शराब पर पाबंदी लगाई जाए, अमीर गरीब के बीच की खाई को समाप्त किया जाए, सरकार यह काम क्यों नहीं करती? क्या यह जरूरी नहीं? सवाल यह है कि जिन बातों पर किसी का विरोध नहीं और जो सब के लिए स्वीकार्य हो सकता है, सरकार उसे करने से भागती क्यों है? दूसरी ओर जो चीजें विवादास्पद हैं उसे मुद्दा बना कर संविधान का लेबल लगा दिया जाता है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हमारे जो फैमिली लॉ हैं वो इन्सानों का बनाया कानून नहीं है, वो कुरआन और हदीस द्वारा बनाया गया है, इस पर न्यायशास्त्रीय बहस तो हो सकती है, लेकिन मूल सिद्धांतों पर हमारे यहां कोई मतभेद नहीं। मौलाना मदनी ने कहा कि यह कहना बिलकुल सही मालूम होता है कि समान नागरिक संहिता लागू करना नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात लगाने की एक सोची समझी साजिश है। उन्होंने यह भी कहा कि सांप्रदायिक ताकतें भावुक एवं धार्मिक मुद्दे खड़े करके देश के अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों को निरंतर भय और अराजकता में रखना चाहती है लेकिन मुसलमानों को किसी भी तरह के भय और अराजकता में नहीं रहना चाहिए। देश में जब तक न्याय-प्रिय लोग बाकी हैं उनको साथ लेकर जमीअत उलमा-ए-हिंद उन ताकतों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी, जो देश की एकता और अखण्डता के लिए ना केवल एक बड़ा खतरा है बल्कि समाज को भेदभाव के आधार पर बांटने वाली भी हैं।

## सुलतानपुर में बारातघर तोड़कर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जाने पर नगर पंचायत वासीयों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मुंबई हलचल/ फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर में जनता इंटर कॉलेज के सामने स्थित बरातघर को तोड़कर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी की जा रही है। वही सैकड़ो टाउन वासियों ने इसके विरोध में धरना प्रदर्शन करतें हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। लोगों ने ईओ अजय अष्ठवाल नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर को भी शिकायत पत्र देकर विरोध जताया है। आपको बतादें की आज मंगलवार को नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर निवासी ऐडवोकेट आजम भारती, सनव्वर अली और दिलशाद अली के नेतृत्व में सैकड़ो नगरवासी उपजिलाधिकारी लक्सर गोपाल चौहान से मिले। जिसमे उनके द्वारा लक्सर




एसडीएम गोपाल चौहान को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर स्थित जनता इंटर कॉलेज के सामने करीब 25 वर्ष पूर्व एक बरातघर बनाया गया था। इसमें गरीब, मजदूर लोग अपने धार्मिक कार्यक्रम शादी, जन्मदिन आदि करते चले आ रहे हैं। नगर पंचायत अधिकारी अजय अष्टवाल अब इस बरातघर के स्थान पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी कर रहे हैं। बरातघर तोड़ा गया तो गरीब लोग अपने कार्यक्रम सही प्रकार से नहीं कर पाएंगे। इस संबंध में उन्होंने नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के ईओ को भी प्रार्थनापत्र देकर बरातघर को नहीं तुड़वाए जाने की मांग की है। वही नगर वासियों ने कहा कि अगर जबरन कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने का कार्य शुरू हुआ किया गया तो हम अपनी जान तक दे देंगे और लगातार इसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

## सुराज सेवा दल का सरकार की नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** मंगलवार को अपनी घोषणा के मुताबिक सुराज सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष व पीरपुरा प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद इंतजार के नेतृत्व में अपने दल के हजारों समर्थको के साथ विधानसभा का घेराव कर सरकार को चेताया। पुलिस अधिकारियों ने भारी भीड़ देख अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाना पड़ा। घंटो तक सुराज सेवादल और पुलिस के बीच जोर आजमाइश चलती रही लेकिन दल के कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं थे और ब्रेकेडिंग को लांगने को डटे रहे।सुराज सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी जी ने विधानसभा को घेरते हुए सरकार को अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराकर सरकार पर जमकर बरसे और सरकार को घेरते हुए शिक्षा,स्वास्थ्य,बिजली, पानी,सड़को का बुरा हाल, महंगाई,बेलगाम भ्रष्ट अधिकारियों पर अंकुश नहीं लगाया तो आगे हमे उग्र आंदोलन करना पड़ा तो हम इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे वही रमेश जोशी ने कांग्रेस के विधायक और उसकी ससुराल द्वारा ग्राम खटका में अवैध भूमि कब्जाने और किसानों के रास्ते और सरकारी भूमि को कब्जाने का भी आरोप लगाया। और कांग्रेस के पूर्व विधायक पर पीरपुरा में खैतो के रास्ते को भू माफियाओं को सह देकर कब्जाने बड़ा आरोप लगाते हुए उसको भू माफियाओं से रमेश जोशी द्वारा कब्जा मुक्त कराने की बात कही।वही पीरपुरा प्रधान प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता सुराज सेवादल मोहम्मद इंतजार ने विधानसभा घेराव करते हुए सरकार और भ्रष्ठ अधिकारियों पर जमकर बरसे और कहा कि अधिकारी बेलगाम हो रहे है जो जनता के कार्य बिना घुस खोरी नही करते है और अपनी मन मर्जी पर उतारू है जिनको सुराज सेवादल द्वारा सलाखों के पीछे भेजना का कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। वही सुराज सेवादल के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र बिष्ट ने सरकार पर भ्रष्ट अधिकारियों को सह देने का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरते हुए सरकार पर सवालिया निशान लगाते हुए सरकार से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की और बेरोजगारी, शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़के सहित किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग की और प्रदेश बेरोजगार युवाओं को सरकार द्वारा रोजगार देने की गारंटी की मांग की गई।

## हमना बाज आयेंगे सट्टे के कारोबार से, अगले दिन ही जमानत मिल जायेगी ओर किया होगा

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** दरगाह क्षेत्र में सट्टा माफियो का बोल बाला है। क्षेत्र में लगाईं लगभग 10 दुकाने,खुलेआम लगे है सट्टा माफियाओ के काउंटर आखिर किसकी शे पर रोज लगता है लाखो का सट्टा ।सूत्रों के मुताबिक लड़की खिला रही है सट्टा , जिसके चलते टू व्हीलर गाड़ी को क्षेत्र में घूम घूम कर ऑनलाइन खिला रहे सट्टा, क्षेत्र में सट्टा माफिया का बोलबाला, बेखौफ निडर होकर लिख रहे है खुलेआम सट्टा चाहे वो रैनबसेरा हो और चाहे वो हो दरगाह के मेन गेट हो या टिनसैट और अगर बात करे मकबरे कि तो वहाँ का नजारा तो कुछ और ही है मकबरे के पास तो जहां खुलेआम सट्टा लिखा जा रहा है जाने सट्टा माफियो में इतनी हिम्मत कहां से आ गई है की पुलिस का डर भी सट्टा माफियो ने दिल से निकाल रखा है सूत्रों की मन तो मिली भगत से चला है काम, आखिरकार लगभग एक महीने से लगातार सट्टा माफिया का काम चलता हुआ, आखिर रुकने का काम क्यों नहीं ले रहा आखिर इनके पीछे किसका हाथ है यहां खुले आम सट्टा लिखा जा रहा है बात करे अबदाल साहब की दरगाह के पीछे जैसे ही शाम होते ही रजिस्टर और पेन उठाकर सट्टा खाई बाड़ी का कार्य शुरू कर देता है अगर जल्द ही इन सट्टा माफियो पर कानूनी करवाही नही हुई तो ये सट्टा माफिया अपनी जड़ें ओर भी मजबूत कर लेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# फाउंडेशन ऑफ मीरा-भायंदर प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन ने एफसीसी फॉउंडेशन क्रिकेट कप 2024 टूर्नामेंट का किया आयोजन

## अतिथि के रूप में दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान हुये शामिल







**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** मुंबई महाराष्ट्र में सबसे बड़ी प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन की अगर बात आती है तो वो है फाउंडेशन ऑफ मीरा-भायंदर प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन, जिस एसोसिएशन में 3000 से भी ज्यादा रेरा रजिस्टर्ड चॅनेल्स पार्टनर्स शामिल है और आपको बता दे फाउंडेशन ऑफ मीरा-भायंदर प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन लगातार एफसीसी फॉउंडेशन क्रिकेट कप का आयोजन करता है जहाँ पर क्रिकेट खेलने के लिए बड़े पैमाने पर रियल इस्टेट के लोग बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते हैं, उद्देश्य यही होता है की रियल एस्टेट चैनल पार्टनर्स और डेवेलपर्स के बीच गैदरिंग, नेटवर्किंग और एन्जॉय करते है, इनका जो सिलसिला होता है वो और मजबूत हो, बॉन्डिंग मजबूत हो। हर साल की तरह इस साल भी यानी 2024 में भी फाउंडेशन ऑफ मीरा-भायंदर प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन ने एफसीसी फॉउण्डेशन क्रिकेट कप 2024 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जहाँ पर बिल्डर्स और ब्रोकर्स को एक ही प्लेटफार्म पर ला कर क्रिकेट टूर्नामेंट के जरिये एक दूसरे के साथ इंटरेक्शन होने का मौका भी मिला, जहाँ पर मीरा-भायंदर के विधायक प्रताप सर नाइक जी, पूर्व विधायक मुज्जफर हुसैन जी, विक्रम प्रताप सिंह जी, मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान जी, नारी सम्मान संगठन की अध्यक्ष सुंदरी ठाकुर जी, डॉ पूजा वर्मा जी, मनोज दुबे जी, रमेश मिश्र जी, नागरसेविका अनीता मुखर्जी जी हेमा बेलानी जी विविता नाइक जी एमएनएस नेता संदीप राणे जी कोर्पोर्टर्स और समाज के कई बड़े हस्ती साथ ही फाउंडेशन ऑफ मीरा-भायंदर प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन के प्रेजिडेंट डॉ अजय एल दुबे जी, सचिव जावेद शेख जी, कोषाध्यक्ष जितु जोशी जी, और सभी पदाधिकारियों समेत टीम के कई मेंबर्स मौजूद रहें। सभी खेलने वाले क्रिकेटर्स को शुभकामनाएं दी गई। इसी के साथ राष्ट्रगान हुआ और फिर उसके बाद पूर्व विधायक मुज्जफर हुसैन जी के हाथों ग्राउंड पर क्रिकेट खेल कर टूर्नामेंट की शुभारंभ की गई और विनर और रनरअप का उनके हाथों सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के स्पोंसरर, मेगा स्पोंसर सनटेक रियलिटी और टाइटल स्पोंसर रश्मि ग्रुप का रहा, इसी के साथ सफलता पूर्वक एफसीसी फाउंडेशन क्रिकेट कप 2024 संपन्न हुआ।




दैनिक
मुंबई हलचल

मुंबई, बुधवार
7 फरवरी, 2024





7
FEBRUARY

HAPPY
Birthday

# MR. DILSHAD S. KHAN

Editor Of Daily Newspaper 'Mumbai Halchal'
National Vice President, Maharashtra President and Incharge (ABPSS)

www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal